卐 ।।श्री हरिः।। 卐

सन्मार्ग

नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

डीपीएस (जोका) का वार्षिकोत्सव संपन्न

समारोह के दौरान राज्य के मंत्री फिरहाद हकीम व अन्य

'अब समय आ गया है कि हमारे बच्चे आधुनिक दुनिया के साथ आधुनिक सुविधाओं से संपन्न होकर पढ़ायी करें। मुझे विश्वास है कि अब बच्चे आकाश में नये रंगों के साथ नयी उड़ान भरेंगे और देश को गौरवान्वित करेंगे। हर माता-पिता की तरह मुझे भी इच्छा होती है कि मैं अपने बच्चों के नाम से जाना जाऊं।'

उक्त बातें राज्य के शहरी विकास एवं नगरपालिका मामलों के मंत्री फिरहाद हकीम ने दिल्ली पब्लिक स्कूल (जोका) साउथ कोलकाता की ओर से विद्यालय प्रांगण में आयोजित वार्षिकोत्सव में कहीं। जहां वह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। समारोह की सम्मानित अतिथि विधानसभा की उपाध्यक्ष सोनाली गुहा ने कहा 'बच्चे स्कूल आएंगे, पढ़ेंगे, तो देश आगे बढ़ेगा। मुझे उम्मीद है कि डीपीएस के बच्चे देश को गौरवान्वित करेंगे। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है'। विद्या भारती फाउंडेशन के अध्यक्ष रामविलास अग्रवाल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्रों को अतिथि सहित संस्था के पदाधिकारी कमलेश अग्रवाल, बेला अग्रवाल, स्निग्धा अग्रवाल, रामनरेश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, एसपी दास, के. नायक आदि ने सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ऋतुपर्णा चटर्जी ने कहा कि उनके अंदर भी प्रकाश है, उसे भूलने की जरूरत नहीं है। घर और विद्यालय के वातावरण से बच्चों के भीतर का भय दूर होता है और उनका सर्वांगीण विकास होता है। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।